भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4842

23 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ

विषय: हल्दी के लिए शीतागार

4842. श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डीः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेलंगाना राज्य सरकार ने हल्दी के भंडारण के लिए शीतागारों की स्थापना के लिए केन्द्र सरकार से सहयोग मांगा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे अनुरोधों पर कोई निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) हल्दी के किसानों के संरक्षण और हल्दी के भंडारण के लिए आवश्यक शीतागारों की स्थापना के संबंध में सरकार का क्या रुख है, तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): तेलंगाना राज्य सरकार ने समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) की अपनी वार्षिक कार्य योजना (एएपी) (2019-20) में हल्दी सहित बागवानी फसलों के लिए एक शीत भंडागार परियोजना को शामिल किया है। वर्ष 2019-20 के दौरान, तेलंगाना में एमआईडीएच के तहत शीत भंडागार की स्थापना सहित विभिन्न कार्यकलापों के लिए 46.66 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। भारत सरकार योजना संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य सरकारों की परियोजनाओं में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है।

****